Need to construct a Working Women?s hostel in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh ?laid

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) **:** मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है । गोरखपुर में एयर फोर्स स्टेशन, हवाई अड्डा, विशाल रेलवे नेटवर्क और एम्स जैसा बड़ा असामान है । अपनी विभिन्न जरूरतों के लिए गोरखपुर के आस पास के 20 जिलों के लोग गोरखपुर पर निर्भर है । गोरखपुर में बहुत बड़ी संख्या में कामकाजी महिलायें विभिन्न स्थानों से आती हैं लेकिन उनके रहने के लिए एक वर्किंग वूमन हॉस्टल नहीं है जिससे उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं । इसलिए मैं केंद्र सरकार से माँग करता हूँ कि कामकाजी महिलाओं के रहने के लिए गोरखपुर में 5 सौ कमरों वाला एक अत्याधुनिक वर्किंग वुमन हॉस्टल केंद्रीय सहायता से अविलंब बनाया जाए ताकि कामकाजी महिलाओं को इसका लाभ मिल सके और वे सुरक्षित और सुखी जीवन जीते हुए अपना जीविकोपार्जन कर सकें ।